रविवासरीय
हिन्दुस्तान
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
रविवार

PAGE NO : 07 BOTTOM

# एसआरएमएस फाइनल में

बरेली, मुख्य संवाददाता। जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता सेमीफाइनल मुकाबले शनिवार को स्टेडियम में खेले गए। पहले सेमीफाइनल में स्टेडियम ने जूनियर चैंप्स को हराया।

स्टेडियम ने 20 ओवरों में सात विकेट खोकर 182 रन बनाए। कप्तान कुशाग्र ने 15 गेंदों में 54 रनों की पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करते हुए जूनियर चैम्प की टीम 13.1 ओवरों में मात्र 29 रनों पर ढेर हो गई। स्टेडियम के लिए विवान गंगवार ने चार ओवर में सात रन देकर चार विकेट लिए। उसे मैन ऑफ द मैच दिया गया। दूसरे सेमीफाइनल में राइडर्स की टीम 17.4 ओवरों में सभी विकेट खोकर मात्र 87 रन ही बना सकी।

एसआरएमएस के लिए हर्ष ने हैट्रिक के साथ 4 ओवरों में 14 रन ख़र्च करके पांच विकेट लिए। आसान सा लक्ष्य एसआरएमएस ने तीन विकेट खोकर प्राप्त कर लिया।